तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

वार्षिक पत्रिका

केंद्रीय विद्यालय आदिलाबाद

अभिव्यक्ति

2023-24

अभिव्यक्ति

वार्षिक पत्रिका

2023-24

केंद्रीय विद्यालय आदिलाबाद

शिक्षा मंत्रालय | भारत सरकार

निधि पाण्डे

आयुक्त

संदेश

केन्द्रीय विद्यालय संगठन की हीरक जयंती के अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। शिक्षा के लिए समर्पित साठ वर्षों की यात्रा का यह उत्सव हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है, और हम सबको कृतज्ञता के भाव से भर देता है। हमें गर्व है कि हम सबने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अपना हरसंभव योगदान दिया है।

हीरक जयंती सिर्फ इन 60 वर्षों के सफर का ही नहीं, अपितु यह हमारे शिक्षकों, कर्मचारियों, और विद्यार्थियों के समर्पण एवं परिश्रम का परिचायक है। एक संस्थान के रूप में केन्द्रीय विद्यालय संगठन शिक्षा के क्षेत्र में एक दीपक की भांति प्रकाशित है। यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि 60 वर्षों की इस दीर्घ यात्रा के दौरान हमारे केन्द्रीय विद्यालय अनगिनत जिंदगियों में सकारात्मक बदलाव लाए हैं।

संगठन की इस अद्भुत सफलता के पीछे हमारे शिक्षकों, अधिकारियों और सभी सदस्यों का बहुमूल्य योगदान रहा है। आपके संघर्ष, समर्पण और साझेदारी के बिना, यह सफलता संभव नहीं थी। आज हम गर्व से यह कह सकते हैं कि हमने उस संकल्प को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया है जिसे लेकर केन्द्रीय विद्यालय संगठन की नींव रखी गई थी। इस संगठन ने सर्वदा विद्यार्थियों का एक बेहतर भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन किया है। आज, जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो संगठन के प्रत्येक हितधारक के समर्पण और सहयोग का आभास होता है।

सफलता के इस शिखर तक पहुंचने में केन्द्रीय विद्यालय संगठन से जुड़े प्रत्येक सदस्य का योगदान सराहनीय है। मैं केन्द्रीय विद्यालय संगठन के इस स्वरूप को गढ़ने के लिए अपने वर्तमान और पूर्व शिक्षकों को विशेष रूप से हार्दिक बधाई देती हूँ।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि सेवा और समर्पण का यह सफर अनवरत जारी रहेगा।

अनेक शुभकामनाओं सहित,
15 दिसंबर, 2023

(निधि पाण्डे)
आयुक्त

Deputy Commissioner Message

It gives us an immense pleasure and ecstasy to present the new comprehensive website of Kendriya Vidyalaya Sangathan, Hyderabad Region.

It is a compendium that mirrors multifarious activities that go on throughout the year for the harmonious and all round development of the future citizens, as well as their accomplishment in the different fields. Education, today, is not limited to a narrow space, it embraces, the depth of knowledge, the culture of character and the blending of personality. KVS has taken a pioneer initiative in providing unlimited opportunities to students to excel and prove their mettle in various fields. It is an institution with the underlying aims of education and education psychology. In a secular environment educational and co-curricular activities are a common Feature. Competitions are organized at different levels to promote national integration. As the teacher too has a pivotal role to play in the educational field .We have a team highly qualified Principals, teachers selected on all India merit basis who are fully devoted to their duties and responsibilities towards society and nation at large. Besides command over their subject they are well equipped with the latest technology of learning and developments taking place in the field of education. Ample opportunities are being provided to chisel their knowledge through literary interactions at Vidyalaya level, during subject committee meetings and staff meeting, through orientation and refresher courses and through workshops and seminar conducted at Regional and All India level. No tuition fee is charged from any students up to class-VIII and from girls even upto class-XII. 25% of seats in class-I are filled up by the children belonging to socially disadvantaged and economically weaker sections of society under RTE. Children admitted under this Act receive free education up to class-VIII.

This website will display information on administration,infrastructure, scholastic and non- scholastic pursuits, latest events, attainments and achievements. I am thankful to Principals, Teaching & Non-Teaching Staff and Students of various KVs running under this Region for consistent effort to hold our flag high....Jai Hind

Dr. D. Manjunath
Deputy Commissioner

यह जानकर अपार हर्ष हुआ है कि केंद्रीय विद्यालय, आदिलाबाद अपनी वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन करने जा रहा है। विद्यालय पत्रिका हमेशा से नवोदित रचनाकारों के लिए एक सशक्त मंच बनी है, साथ ही विद्यालय में साल भर चली गतिविधियों एवं उपलब्धियों को उजागर करने का भी माध्यम है। मैं आशा करती हूँ कि यह पत्रिका अधिक से अधिक बच्चों के अंदर छिपे रचनात्मक कौशल का विस्तार करेगी। किसी भी पत्रिका में पहली बार नाम छपना एक सुखद अनुभूति होती है, मैं उन सभी विद्यार्थियों को बधाई देती हूँ, जिनकी रचनाएं इस पत्रिका में प्रकाशित होने जा रही हैं।

आशा है कि पत्रिका को आकर्षक एवं रचनात्मक बनाने के लिए प्रकाशन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं जैसे – शोध, सामग्री चयन व डिज़ाइन आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे पाठकों के हाथ में एक रचनात्मक एवं त्रुटिहीन पत्रिका पहुंचे। इसे ई-पत्रिका के रूप में वर्षवार विद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया जाए, ताकि पत्रिका का ई-संकलन वर्षों बाद भी सबके लिए उपलब्ध हो।

पत्रिका के प्रकाशन से जुड़े सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्राचार्या को हार्दिक शुभकामनाएं।

मनोनीत अध्यक्ष
श्रीमती खुशबू गुप्ता , आईएएस
एडिशनल कलेक्टर, आदिलाबाद

मानव जीवन को विकसित करने के लिए शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा यह देश अपने हजारों साल की संस्कृति को संजो कर, एवं भविष्य में दुनिया के विकसित देशों के व्यक्तियों के साथ कदम से कदम मिला कर चल सकेगा।

21वीं शताब्दी में मानव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी द्वारा, ऐसी क्रान्ति लायेंगे जो कल्पना से परे होगा और मानव का दायरा इस संसार तक ही सीमित न रह कर बाह्य जगत से जुड़ेगा। हमारा निश्चय है कि हम अपने विद्यार्थियों को उत्कर्ष शिक्षा केन्द्र प्रदान करें, जो उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम एवं स्वावलम्बी भारतीय नागरिक के रूप में सुसज्जित करें। यह संस्थान ऐसे हों जो उत्तम शैक्षणिक आधारभूत संरचना और सर्वश्रेष्ठ संकाय के द्वारा छात्रों के ज्ञानोपार्जन के साथ अनुशासन व चरित्र निर्माण में सहयोग प्रदान करें एवं अध्यापकगण, छात्र एवं छात्रायें इस शताब्दी के महायज्ञ में कदम से कदम मिलाकर बढ़ें और अपने देश को अपने समय में ही विकसित देश के रूप में देखें।

मेरी शुभकामनायें!

प्रभारी प्राचार्या

श्रीमती जी. विजयलक्ष्मी जी

केन्द्रीय विद्यालय आदिलाबाद

अनुक्रमणिका

लेख	पृष्ठ संख्या
आवरण - I	
आवरण - II	I
आयुक्त संदेश	II
उपायुक्त संदेश	III
चेयरमैन संदेश	IV
प्राचार्या संदेश	V
अनुक्रमणिका	VI
संविधान की उद्देशिका	VII
हिन्दी विभाग	1 से 19
संस्कृत विभाग	20 से 32
अंग्रेज़ी विभाग	33 से 46
मेरा पुस्तकालय	47 से 50
Art Education	51 से 59
Work Education	60 से 61
Artificial Intelligence	62 से 65
Counsellor's Desk	66 से 67
शिक्षकों और छात्रों की उपलब्धियाँ	68 से 72
विद्यालय गतिविधियाँ	73 से 91
Our Team	92 से 94
आवरण	95

पत्रिका रूपरेखा
अमित वर्मा
टी. जी. टी. कला शिक्षा

भारत का संविधान

उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म

और उपासना की **स्वतंत्रता,**

प्रतिष्ठा और अवसर की **समता**

प्राप्त कराने के लिए,

तथा उन सब में

व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता

और अखंडता सुनिश्चित करने वाली **बंधुता**

बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ला सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं ।

हिन्दी विभाग

लेख	पृष्ठ संख्या
बढ़े चलो - मनोज	2
तत् त्वं पुषन् अपावृणु - राजेश कुमार	3
कला क्या है ? - अमित वर्मा	4
बच्चे - हेमंत कुमार	5
मैं बहुत ख़ास हूँ - बाम राहुल	6
शिक्षा में प्रौद्योगिकी - शशिकांत ओला	7-8
रंग ही रंग - श्रीज़ा मोतिकर	9
भ्रष्टाचारी से हिंदुस्तानी - सुरेंद्र कुमार	10
शारीरिक शिक्षा और खेलों का महत्व - ओजस सोनी	11
हम बच्चे - एम आदित्य	12
अपना देश - जावलि प्रिया	13
बेटी है कोई बोझ नहीं - सौम्या	14
प्रकृति का संदेश - शिवमणि	15
हट्टा कट्टा मोबाइल - चैत्रा	16
चिड़िया - अनुष्का पात्रा	17
हिन्दी - स्वेता पद्मा साहू	18
मेरी पाठशाला - तारुन्या	19

मनोज
टी. जी. टी. हिन्दी

बढ़े चलो

फूल बिछे हों या कांटे हों,
राह न अपनी छोड़ो तुम।
चाहे जो विपदायें आयें,
मुख को जरा न मोड़ो तुम।
साथ रहें या रहें न साथी,
हिम्मत मगर न छोड़ो तुम।
नहीं कृपा की भिक्षा मांगो,
कर न दीन बन जोड़ो तुम।
बस ईश्वर पर रखो भरोसा,
पाठ प्रेम का पढ़े चलो।
जब तक जान बनी हो तन में,
तब तक आगे बढ़े चलो।

राजेश कुमार
टी.जी.टी. संस्कृत

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

तत् त्वं पुषन् अपावृणु

हिरण्यमयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्।
तत् त्वं पूषन्! अपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये॥

इस मन्त्र का उल्लेख वैदिक साहित्य में दो स्थानों पर मिलता है। इस मन्त्र का मूल यजुर्वेद के 40वें अध्याय में मिलता है। तत् पश्चात् ईशावास्य उपनिषद में भी इस मन्त्र का उल्लेख है। यजुर्वेद का चालीसवाँ अध्याय ही ईशावास्य उपनिषद के रूप में प्रसिद्ध है।

इस मन्त्र का शाब्दिक अर्थ है कि सत्य का मुख सुवर्णमय पात्र से ढका हुआ है।हे पालक ईश्वर! उस सत्य धर्म के दिखाई देने के लिये, तू उस आवरण को हटा दे।

प्रस्तुत मन्त्र में परमात्मा से सत्य के अन्वेषण में आने वाली बाधाओं को दूर करने की प्रार्थना की गई है। मनुष्य के कर्त्तव्य का विधान करते हुए उपनिषद् ने मनुष्यों को चेतावनी दी है कि इन कर्त्तव्यों का पालन करने में सच्चाई होनी चाहिए अन्यथा इनकी उपयोगिता न रहेगी ,परन्तु संसार में सचाई के छिपा देने के भी साधन मौजूद हैं, जिनसे वह दबा दी जाती है। उन्हीं साधनों की ओर मन्त्र में संकेत किया गया है।

सुवर्णमय पात्र अर्थात् संसार की चमक दमक वाली चीजें ही वे पदार्थ हैं , जो मनुष्य को प्रलोभन में लाकर उसे सत्य पथ से विमुख कर दिया करते हैं। मनुष्य क्यों चोरी करता है ? धन के लालच से, मनुष्य क्यों किसी को धोखा देता है ? क्यों किसी को ठगता है ? धन के लालच से , मनुष्य क्यों अदालतों में झूठी गवाही देता है ? धन के लालच से। सत्यता से विमुख होने के ये और इसी प्रकार के प्रलोभन ही कारण हुआ करते हैं । इसीलिए मन्त्र में प्रार्थना की गयी है कि पूषन् (पालक ईश्वर) इस प्रलोभन का आवरण सत्यता के ऊपर से उठ जाये, जिससे सत्यता हमसे और हम सत्यता से पृथक न हों । सत्यता का इतना महत्व क्यों है? केवल इसलिये कि सत्यता का ही दूसरा नाम धर्म है ।सत्य और धर्म वास्तव में एक ही वस्तु हैं । सत्य से धर्म और धर्म से सत्य भिन्न नहीं । इसलिये सत्य को प्राप्त करने के लिये सत्य से पृथक् नहीं होना चाहिये। किन्तु उसे पूर्ण रीति से प्राप्त कर लेना चाहिये ॥इसलिये उपनिषद् ने इस मन्त्र में चेतावनी दी है कि ऐसी महत्त्वपूर्ण वस्तु अर्थात् सत्य आवरण रहित ही रहनी चाहिये और इसलिये मनुष्य का कर्त्तव्य है कि उस पर सुवर्णमय पात्रों अर्थात् प्रलोभनों का आवरण न पड़ने दें । तभी वह अपने कर्त्तव्यों के पालन करने और उद्देश्य को प्राप्त कर लेने में सफल हो सकता है । कर्त्तव्य विधान के बाद उसकी पूर्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई है ।

इस मन्त्र के सत्य पर बल देने महत्व को देखते हुए केन्द्रिय विद्यालय संगठन द्वारा इस मन्त्र के एक अंश "तत् त्वं पूषन् अपावृणु" को अपने ध्येयवाक्य या आदर्शवाक्य के रूप में स्वीकृत किया गया है।

अमित वर्मा
टी. जी. टी. कला शिक्षा

कला क्या है ?

कला मानवीय अभिव्यक्ति का एक महत्वपूर्ण माध्यम है जो संवेदनात्मक, रचनात्मक, और रूचिकर अभिव्यक्ति के रूप में काम करता है। यह विविधता, विचार, और भावनाओं को साझा करने का माध्यम होता है। कला कई रूपों में प्रकट हो सकती है, जैसे चित्रकला, संगीत, नृत्य, नाट्य, फिल्म, साहित्य, और शिल्पकला। कला समाज, संस्कृति, और ऐतिहासिक समय के मूल्यों का प्रतिबिम्ब करती है और समाज को प्रेरित करती है अथवा सोचने पर मजबूर करती है।
कला एक विशाल और विविध विषय है जो मानव समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह क्रिएटिविटी, स्वतंत्रता, और अभिव्यक्ति का साधन है जो विभिन्न रूपों में उपस्थित होता है। इसलिए, कला विषय का अध्ययन और समझना महत्वपूर्ण है।

कला कई रूपों में उपलब्ध है। पहले आता है दृश्य कला जिसमें चित्रकला, मूर्तिकला, आदि शामिल हैं। यह कला रंग, रेखा, आकार, और अन्य तत्वों का उपयोग करती है जो अभिव्यक्ति के लिए माध्यम होते हैं। फिर आती है संगीत, जो ध्वनि, स्वर, और ताल के माध्यम से भावनाओं को व्यक्त करता है। नृत्य कला में शारीरिक आवाज, नृत्य, और अभिव्यक्ति के साथ मिलकर भावनाओं को बयां करते हैं।

अन्य विषयों में, नाट्य और रंगमंच कला अभिनय, संवाद, और नाटक के माध्यम से कथाओं और चरित्रों को जीवंत करते हैं। सिनेमा कला में चलचित्र, डॉक्यूमेंट्री, और अन्य मीडिया के माध्यम से कहानियों को दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जाता है। इसके अलावा, साहित्य कला शब्दों के माध्यम से कथाओं, कविताओं, और निबंधों को प्रस्तुत करती है।

कला की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह समाज को परिभाषित करने, आत्मा को समझने, और विभिन्न संस्कृतियों के बीच समझौते करने में मदद करती है। कला एक प्रेरणास्त्रोत है जो विचारों को स्पष्ट करती है, विवेक को बढ़ाती है, और समाज को संवाद के रूप में एकजुट करती है। इसलिए, कला का अध्ययन और प्रशंसा विभिन्न समाजों में अभिवृद्धि और समृद्धि की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान करता है।

बच्चे

हेमंत कुमार
टी. जी. टी. गणित

बच्चे जग रौशन करते हैं।
शीतल समीर सा बहते हैं।।

बच्चे हैं फूलों की क्यारी ।
इसे बनती वसुधा न्यारी ।।
जाति ,धर्म ,मजहब ना जाने,
ना जाने कोई दुनियादारी।।
अनसूईया माँ की गोदी में
बालक त्रिदेव भी रहते हैं ।।
बच्चे जग रौशन करते हैं ।

शिशु निर्मल गंगा जल है।
जग के माथ के संदल हैं ।
ये ही तो स्वर्णिम कल हैं।
रिश्तों के धागे मलमल हैं ।
ये अपरिमित क्षमताधारी,
ये सूरज भी ग्रस सकते हैं।।
बच्चे जग रौशन करते हैं।

ये आज्ञाकारी संस्कारी हैं ।
ये जन्नत की फुलवारी हैं।।
तोतली बोली अति प्यारी है।
यही राधा और बनवारी हैं।
हैं इक ऐसी औषधि ये नन्हे
जो सबकी थकान हरते हैं।।
बच्चे जग रौशन करते हैं।।

बाम राहुल
प्राथमिक शिक्षक

मैं बहुत ख़ास हूँ

इस ब्रह्माण्ड में हर जीव बहुत खास है। जानवरों की हर प्रजाति अपना जीवन अपने-अपने अंदाज में जीती है। इस दुनिया में जन्मे हर नवजात को अपना जीवन जीने के लिए अपने माता-पिता और समाज से बहुत कुछ सीखना पड़ता है।

लेकिन हम इंसान बाकी जीवित प्राणियों से थोड़ा अलग हैं। यदि हम अपने विकास के इतिहास पर नजर डालें तो हम शारीरिक संरचना, भाषा, ज्ञान, भोजन की आदतों आदि में बहुत सारे बदलाव और विकास देख सकते हैं।

अब तक विकास जारी है और यह कभी नहीं रुकता।

जब बच्चों की बात आती है तो हर बच्चा अनोखा होता है।

कुछ बच्चे विषय अवधारणाओं को जल्दी समझ लेते हैं, कुछ बच्चे शिक्षा में औसत प्रदर्शन करते हैं लेकिन वे खेल और कला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। कुछ बच्चे धीरे-धीरे सीखते हैं। प्रत्येक बच्चे में सीखने की जन्मजात क्षमता होती है लेकिन हमें इसे उचित तरीके से प्रशिक्षित करना होगा ताकि बच्चा अपनी मस्तिष्क क्षमता का अधिकतम उपयोग कर सके।

यदि हम देखें तो बच्चा स्कूल में दाखिला लेने से पहले ही कुछ शब्द, वाक्य बोलना शुरू कर देता है। इसका मतलब यह है कि बच्चे ने स्कूल आने से पहले ही परिवार से ही भाषा सीखना शुरू कर दिया था। न केवल भाषा, खान-पान, व्यवहार, भावनाएँ आदि... वह अपने परिवेश से मिलने वाली सारी जानकारी लेता है। वह समझने की कोशिश करता है और उस परिवेश में ढल जाता है।

जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है उसका विकास अधिक जटिल हो जाता है। विकास ने अपनी जड़ें भावनात्मक, पारस्परिक, अंतर-व्यक्तिगत, आत्म-अवधारणा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में फैलाई हैं।

बच्चा अपने बचपन के सभी अच्छे और बुरे अनुभवों को जीवन भर साथ लेकर चलता है।

बच्चे का मनोविज्ञान और व्यवहार उसके घर, स्कूल के अतीत और वर्तमान अनुभवों, उसके दोस्तों के प्रभाव पर निर्भर करता है।

समाज का पहला दोष यह है कि ज्ञान और उत्कृष्टता के मामले में एक बच्चे की तुलना दूसरे बच्चे से की जाती है।

तुलना के बजाय, हमें बच्चे को भावनात्मक और नैतिक समर्थन देना होगा और उसे अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करना होगा।

कभी-कभी तुलना के परिणाम प्रतिकूल होते हैं जबकि निरंतर समर्थन के परिणाम अनुकूल होते हैं।

जीवन को विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए विभिन्न कौशलों की आवश्यकता होती है। इसलिए, शैक्षिक और सह-शैक्षिक पहलुओं को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है।

एक बच्चा, एक छात्र के रूप में स्कूल में प्रवेश करने से लेकर एक वयस्क के रूप में स्कूल से बाहर निकलने तक, हम शिक्षक के रूप में बच्चे के जीवन का हिस्सा बनने के लिए खुद को बहुत भाग्यशाली मानते हैं।

शशिकांत ओला
टी. जी. टी. कार्य अनुभव

शिक्षा में प्रौद्योगिकी

जीवन के विभिन्न पहलुओं में वैज्ञानिक आविष्कारों, नियमों, सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का उपयोग प्रौद्योगिकी के उपयोग के अंतर्गत आता है। शैक्षिक प्रौद्योगिकी सहित कई प्रकार की प्रौद्योगिकियाँ मौजूद हैं। दूसरे शब्दों में, जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में वैज्ञानिक सिद्धांतों का अनुप्रयोग प्रौद्योगिकी कहलाता है। अत: प्रौद्योगिकी का अर्थ "विज्ञान की कला" है। इसलिए जब वैज्ञानिक, क्रमबद्ध और सुव्यवस्थित ज्ञान का उपयोग दैनिक कार्य करने के लिए किया जाता है तो उसे प्रौद्योगिकी का नाम दिया जाता है। "प्रौद्योगिकी" शब्द आमतौर पर मशीनों से जुड़ा होता है, लेकिन यह जरूरी नहीं है कि हमेशा मशीनों का ही प्रयोग किया जाए।

जब शिक्षण/सीखने की प्रक्रिया को आसान, सरल, कुशल और प्रभावी बनाने के लिए वैज्ञानिक, तकनीकी और मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों और विधियों का उचित उपयोग किया जाता है, तो यह शैक्षिक प्रौद्योगिकी के अंतर्गत आता है। जैसे-जैसे नई खोज होती जाती है, वैसे-वैसे इसके अर्थ, परिभाषा और स्वरूप में भी बदलाव आता जाता है। आज वैज्ञानिक एवं तकनीकी आविष्कारों ने मानव जीवन के हर पहलू को प्रभावित किया है। इनसे शिक्षा, अध्यापन और शिक्षण भी काफी प्रभावित हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधानों, खोजों एवं अन्वेषणों के परिणामस्वरूप ऐसी तकनीकों (अर्थात् कौशल) का विकास हुआ है, जो शिक्षा के सभी उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायक हो रही हैं। इन दक्षताओं और कौशलों को, जो विशेष रूप से विज्ञान पर आधारित हैं, शैक्षिक प्रौद्योगिकी का नाम दिया जाता है।

जिस प्रकार हमारे जीवन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग कर कम से कम समय में कम ऊर्जा खर्च कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने की आवश्यकता है, उसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक प्रौद्योगिकी की आवश्यकता है। शिक्षा में शैक्षिक प्रौद्योगिकी की आवश्यकता निम्नलिखित कारणों से है:

1. यह प्रभावी शिक्षा के लिए नवीनतम तरीकों के विकास पर सकारात्मक जोर देता है।
2. शैक्षिक प्रौद्योगिकी शिक्षण प्रक्रिया को वैज्ञानिक, वस्तुनिष्ठ, स्पष्ट, सरल, आसान, रोचक और प्रभावी बनाती है।
3. शैक्षिक प्रौद्योगिकी शिक्षण समस्याओं को हल करने के लिए उचित मार्गदर्शन देती है।
4. यह शिक्षण/सीखने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान करता है, जैसे शिक्षण लक्ष्य निर्धारित करना, छात्रों के प्रारंभिक व्यवहार की जांच करना, उचित पाठ्यक्रम, उचित शिक्षण विधियों और रणनीतियों और सहायक सामग्रियों का चयन और आयोजन करना।
5. यह विचारों के आदान-प्रदान में संलग्न होने के लिए शिक्षकों और शिक्षार्थियों के बीच संचार के प्रभावी साधन प्रदान करता है।
6. इसमें विज्ञान, मनोविज्ञान और प्रौद्योगिकी की सभी प्रकार की कलाओं, विधियों, सामग्रियों, कौशलों, सिद्धांतों और उपकरणों का उपयोग शामिल है।
7. इसका उपयोग शैक्षिक तकनीकी उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक सीखने की स्थितियों को व्यवस्थित और नियंत्रित करने के लिए किया जा सकता है।
8. जिस प्रकार विज्ञान और प्रौद्योगिकी हमें हमारे दैनिक जीवन में कम ऊर्जा और प्रयास के साथ अधिक काम करने में मदद करती है, उसी प्रकार शैक्षिक प्रौद्योगिकी शिक्षण प्रक्रिया में ऊर्जा और समय की बर्बादी को नियंत्रित करती है।
9. यह व्यवहार परिवर्तन को मापने और शिक्षण प्रक्रिया के परिणामों की जांच के लिए उचित मूल्यांकन विधियों के विकास पर भी जोर देता है।
10. मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद छात्रों के अंतिम व्यवहार की जांच करके अपेक्षित अपेक्षित सुदृढीकरण और समर्थन प्रदान करने पर भी जोर दिया जाता है।

हाल के वर्षों में तकनीकी दुनिया में एक महान विकास देखा गया है। अधिक से अधिक लोगों के डिजिटल मीडिया में आने के साथ, शिक्षकों के लिए यह आवश्यक है कि वे छात्रों को संलग्न करने के लिए अपने काम में उपलब्ध नवीनतम उपकरणों का उपयोग करें। छात्रों को सीखने में संलग्न करने के लिए, नवोन्वेषी होने की आवश्यकता है और नए विचारों को पेश किया जाना चाहिए ताकि छात्र जो सीख रहे हैं उसके प्रति उत्साहित हों। आज के शिक्षा उद्योग में इसके महत्व के कारण शैक्षिक प्रौद्योगिकी का उपयोग शिक्षकों के लिए आवश्यक हो गया है।

पिछले कुछ वर्षों में हुई तकनीकी प्रगति ने जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी अधिक सुलभ हो गई है, यह हमारे जीवन के हर हिस्से में प्रवेश कर गई है और परिणामस्वरूप, अब हम उम्मीद करते हैं कि हम जिस भी उपकरण का उपयोग करते हैं वह यथासंभव तकनीकी रूप से उन्नत हो। स्कूलों ने भी प्रौद्योगिकी को अपनी शिक्षा प्रक्रिया के एक अभिन्न अंग के रूप में अपनाया है और परिणामस्वरूप, वे अब कंप्यूटर विज्ञान कक्षाएं प्रदान करते हैं, जहां छात्र कंप्यूटर को कोड करना सीखते हैं और अपने काम या परियोजनाओं के लिए उनका उपयोग करते हैं।

इसलिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी का उपयोग आज के शिक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि यह उन्हें बहुत तेज गति से सीखने का अवसर प्रदान करता है यदि वे ऐसे उपकरणों और कार्यक्रमों का उपयोग नहीं कर रहे होते।
लाभ शैक्षिक प्रौद्योगिकी के उपयोग से होने वाले विभिन्न लाभ इस प्रकार हैं:
1. यह उन सामग्रियों का व्यापक विकल्प प्रदान करता है जिन तक आसानी से पहुंचा जा सकता है
2. यह शिक्षार्थियों के संचार कौशल और स्कूल और कार्यस्थल सेटिंग्स में प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद करता है
3. यह छात्रों के लिए एक मजेदार और आकर्षक सीखने का अनुभव प्रदान करता है
4. यह शिक्षार्थियों को किसी भी समय कहीं से भी इंटरनेट तक पहुंचने की अनुमति देता है
5. यह शिक्षार्थियों को नए कौशल सीखने और नया ज्ञान प्राप्त करने में मदद करता है
6. यह छात्रों को मानसिक और शारीरिक रूप से खुद को बेहतर बनाने की अनुमति देता है
7. यह शिक्षार्थियों को नई तकनीकी प्रगति के साथ अद्यतन रहने में मदद करता है

प्रौद्योगिकी का समाज में प्रभाव:-

आधुनिक दुनिया में प्रौद्योगिकी जीवन का एक महत्वपूर्ण घटक है। लोग टेक्नोलॉजी पर इतने निर्भर हो गए हैं कि इसके बिना रह ही नहीं पाते। प्रौद्योगिकी आज मानव जीवन के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण एवं उपयोगी है। इसने संचार और परिवहन को तेज़ और आसान बनाकर जीवन को आसान और आरामदायक बना दिया है।
यह अकल्पनीय है कि तकनीक के बिना जीवन कैसा होगा। प्रौद्योगिकी निम्नलिखित क्षेत्रों में उपयोगी है: परिवहन, संचार, संपर्क, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और व्यवसाय।
प्रौद्योगिकी को ज्ञान के शरीर के रूप में परिभाषित किया जाता है जो तकनीकी साधनों के नवाचार, आविष्कार और अनुप्रयोग के साथ-साथ जीवन, समाज और पर्यावरण के साथ उनके अंतर-संबंधों से संबंधित है। या दूसरे शब्दों में, प्रौद्योगिकी का अर्थ कुछ विशिष्ट लक्ष्य प्राप्त करने या उद्योग में या रोजमर्रा की जिंदगी में उपयोग किए जाने वाले अनुप्रयोगों को बनाने के लिए वैज्ञानिक ज्ञान का उपयोग करना है।

हम अपने दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी पर उपयोग और भरोसा करते हैं, और हमारी तकनीकी आवश्यकताओं और मांगों में वृद्धि जारी है। प्रौद्योगिकी का उपयोग मनुष्यों द्वारा अन्वेषण, कनेक्ट, अध्ययन करने और काम करने के लिए किया जाता है। जिस तरीके से हम प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं, वह निर्णय लेता है कि इसके प्रभाव समाज के लिए फायदेमंद या हानिकारक हैं या नहीं।
नकारात्मक की तुलना में प्रौद्योगिकी मनुष्यों या समाज पर अधिक सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह हमारे जीवन को आसान बनाता है और संसाधनों या उपकरण प्रदान करके हमें इनाम देता है जो हमारे जीवन को अधिक आसान बनाता है।
निम्नलिखित कुछ सकारात्मक परिवर्तन हैं जो प्रौद्योगिकी हमारे जीवन को लाती हैं:
बेहतर संचार ,बेहतर शिक्षा और सीखने की प्रक्रिया ,मशीनीकृत कृषि ,सूचना प्राप्त करने में सरलता ,ज्ञान का वैश्वीकरण ,बेहतर समाजीकरण ,सुलभ शिक्षा आदि ।

प्रौद्योगिकी ने हमें और अधिक कुशल बनने में हमारी उत्पादकता में वृद्धि करने में बहुत मदद की है। इसने हमें समय और धन जैसे कई संसाधनों को बचाने में सक्षम होने में भी एक बड़ा सौदा करने में मदद की है और ये उन महान लाभ हैं जिन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता है। तकनीकी ने इसे वैश्विक गांव में बदलकर दुनिया में एकता लाने में अच्छी तरह से काम किया है, जिसने बदले में लोगों को अपने सांस्कृतिक, नस्लीय और महाद्वीपीय बाधाओं को आसानी से दूर करने में मदद की है।

सफलता के और जल्दी से बढ़ने की महत्वपूर्ण कुंजी है: तकनीकी ज्ञान और उसका सही उपयोग करना।

श्रीजा मोतीकर
प्राथमिक शिक्षक

रंग ही रंग

गोलू नामक एक छोटे से गाँव के छोटे बच्चे ने किसी दिन सोचा, "आज हम सभी रंगों का मिलन करके कुछ स्पेशल करेंगे।"गोलू ने पहले हरे रंग के बगीचे में जाकर बगीचे के पेड़ों के साथ खेलना शुरू किया। वह गाँववालों के साथ हरे कपड़ों में बदलकर हरे रंग की मिस्टी बना रहा था।फिर गोलू ने लाल रंग के गुलाब के पुष्पों की खेत में जाकर रंग भरा। सभी बच्चे मिलकर लाल कपड़ों में बदलकर बड़े प्यार से गुलाबों की खेत में खेले।उसके बाद, गोलू ने नीले आकाश के नीचे खुले मैदान में जाकर सभी समुद्री रंगों के साथ खेलना शुरू किया। उसने नीले कपड़ों में बदलकर नीला किला बनाया और सभी बच्चों को खेलने में शामिल किया।इसी तरह, गोलू ने सभी रंगों के साथ मिलकर एक रंगीन दिन मनाया और सभी बच्चों को सिखाया कि हर रंग अद्भुत है और हमें सभी को मिलकर एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए।

कविता (भ्रष्टाचारी मे हिंदुस्तानी)

सुरेंद्र कुमार
प्राथमिक शिक्षक (संगीत)

कविता अब मैं क्या कहूं इस देश के भ्रष्टाचार की,
यह तो उत्पत्ति है प्रलोभन के दूषित विचार की,
ईमान नाम का रह गया है हर कोई रिश्वत खाता है,
भ्रष्टाचार से जुड़ा हमारा देखा अनदेखा सा नाता है
भ्रष्टाचार की नींव तो उसी दिन रख दी जाती है,
जब बच्चों से काम करवाने के लिए उसे चॉकलेट दे दी जाती है,
अनजाने में बोया यही बीच एक विशाल वृक्ष बन जाता है,
भ्रष्टाचार से जुड़ा हमारा देखा अनदेखा सा नाता है,
क्या कहूं मैं अब कविता इस अंधकार रूपी अत्याचार की,
जिसमें दुखता है मन, जलती है आत्मा, गरीब और लाचार की,
देखो इस दानव ने देश की हालत क्या कर डाली,
सब ने भ्रष्टाचार की गोली बिन सोचे समझे खा ली,
गाड़ी के कागज पूरे नहीं पैसे ले देकर दफा करो
अरे कुछ तो समझो नासमझो तुम खुद के संग तो वफा करो
रिश्वत लेने देने का यही रवैया भविष्य का पत्थर बन जाता है
भ्रष्टाचार से जुड़ा हमारा देखा अनदेखा सा नाता है
भाई मेरा काम जरूरी है, यह हम सबकी मजबूरी है,
फिर जल्दी के चक्कर में कोई कैसे भी बच जाए,
चाहे काम करवाने के लिए जो मर्जी रिश्वत खाए,
कोई समय बचा ना चाहे तो कोई खुद ही बचना चाहता है,
भ्रष्टाचार से जुड़ा हमारा देखा अनदेखा सा नाता है
भ्रष्टाचार से अपने इस नाते का हम आज यहीं बहिष्कार करें,
आओ मिलकर कदम बढ़ाए खत्म ये भ्रष्टाचार करें,
ना रिश्वत लेंगे ना रिश्वत देंगे का प्रण हम साकार करें,
क्योंकि मैं भ्रष्टाचार रहित सुंदर हिंदुस्तान बनाना चाहता हूँ,
मैं भ्रष्टाचारी नहीं हिंदुस्तानी हूं, हिंदुस्तानी कहलाना चाहता हूँ,
भारत को स्वच्छ बनाने में हम मिलकर हिस्सेदार बने,
प्रथम सफाई के नाम पर इस दानव का संहार करें,
थोड़ी मुश्किलें आएंगी कुछ चाल ठोकरें खाएंगी
क्यों ना हम सब संग मिलकर इस कठिनाई को पार करें
भ्रष्टाचार रहित समाज का सपना मिलकर साकार करें
आओ मिलकर कदम बढ़ाए खत्म यह भ्रष्टाचार करें
ना रिश्वत लेंगे ना रिश्वत देंगे का प्रण हम साकार करें
अपनी इसी अलख को मैं जन-जन तक पहुंचाना चाहता हूँ
मैं भ्रष्टाचारी नहीं हिंदुस्तानी हूं, हिंदुस्तानी कहलाना चाहता हूँ,

ओज़स सोनी
शारीरिक एवं स्वास्थ्य शिक्षक

शारीरिक शिक्षा और खेलों का महत्व

बच्चों में शारीरिक शिक्षा और खेलों का महत्व और इसका विभिन्न पहलुओं में विकास

शारीरिक शिक्षा और खेलों का महत्व बच्चों के स्कूली जीवन में अद्वितीय है। इससे न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य बना रहता है, बल्कि उनका मानसिक, आत्मिक और सामाजिक विकास भी होता है। यहाँ हम इस महत्वपूर्ण विषय पर गहराई से विचार करेंगे:

शारीरिक स्वास्थ्य:
खेल और शारीरिक शिक्षा का सम्बन्ध सीधे स्वास्थ्य से है। ये बच्चों को स्वस्थ और मजबूत बनाते हैं। योग, रनिंग, स्विमिंग, बास्केटबॉल, फुटबॉल, आदि खेल उनके शारीरिक आंतरिक और बाह्य विकास को प्रोत्साहित करते हैं।

मानसिक विकास:
खेल और शारीरिक शिक्षा में सक्रिय होने से बच्चों का मानसिक विकास भी होता है। यह उनकी चाबुकसी, संयम, धैर्य, और सहनशीलता को बढ़ाता है। खेलों में जीतने और हारने का अनुभव उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के साथ समझदारी सिखाता है।

आत्मिक विकास:
खेल और शारीरिक शिक्षा से बच्चे आत्मिक रूप से भी विकसित होते हैं। ये उनकी आत्मविश्वास, आत्मसमर्पण, और स्वाधीनता को बढ़ाते हैं। वे अपने क्षमताओं को समझते हैं और स्वयं को समर्पित और सक्रिय महसूस करते हैं।

सामाजिक विकास:
खेलों में भाग लेना सामाजिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। ये टीम वर्क, सहयोग, और समर्थन की भावना को बढ़ाते हैं। बच्चे सामूहिक रूप से काम करने और अन्यों का समर्थन करने की क्षमता विकसित करते हैं।

नैतिक विकास:
खेल और शारीरिक शिक्षा नैतिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। वे निष्ठावानता, संयम, और निष्ठा जैसी मूल्यों को सिखाते हैं। खेलों में नियमों का पालन करना और उत्साह में साझा करना उन्हें सही और गलत की पहचान करने में मदद करता है।

इस प्रकार, शारीरिक शिक्षा और खेलों का सम्बन्ध बच्चों के विभिन्न पहलुओं में विकास के साथ संबंधित है।

एम आदित्य
कक्षा 9

हम बच्चे

हम बच्चे हँसते गाते हैं।
हम आगे बढ़ते जाते हैं।
पथ पर बिखरे कंकड़ काँटे,
हम चुन चुन दूर हटाते हैं।
आयें कितनी भी बाधाएँ.
हम कभी नही घबराते हैं।
धन दौलत से ऊपर उठ कर,
सपनों के महल बनाते हैं।
हम खुशी बाँटते दुनिया को,
हम हँसते और हँसाते हैं।
सारे जग में सबसे अच्छे,
हम भारतीय कहलाते हैं

जावलि प्रिया
कक्षा 7

अपना देश

भोर भई पंछी चहचाहें
देते अपना मधुर सन्देश
आलसी बनकर मत सोचो
ये है ऋषि-मुनियों का देश

जहाँ चिरैवा भोर हुए
अब भी गीत सुनाती है
जहाँ हवाएँ खुशबू लेकर
सबके दर पर आती हैं।

संस्कृति तीज-त्योहारों में
सभ्यता सबके व्यवहारों में
मर्म बात का समझे
सब ही आँखों और इशारों में

जहाँ स्वयं खाने से पहले
पशु-पक्षी को देते हैं
जहाँ किसी आगन्तुक को
बाहें भरकर मिलते हैं।

जहाँ नहीं लागू होते
कलयुग के नियम-निर्देश
जहाँ चाँदनी रात विचरती
खोले अपने सुन्दर केश

बोलो यह अपना है देश।

सौम्या
कक्षा 8

बेटी है कोई बोझ नही !!

बेटी है कोई बोझ नही !!

बेटी है बोझ नहीं।

करना चाहती है कोई खोज नई,

खुशहाल करदेती सूना मौसम कोई,

बेटी है बोझ नहीं।

पिता की इमान वहीं,

माँ की मुस्कान वही,

लक्ष्मी की छाया वहीं,

बेटी है बोझ नहीं।

फूल सी नाजुक वही,

पर कमजोर उसको समझना नहीं,

पी.वी, साईना, मैरीकौम वहीं,

बेटी है बोझ नहीं।

बेटी है बोझ नहीं ॥

प्रकृति का सदेश

शिवामणि
कक्षा 7

प्रकृति का संदेश
चिड़ियों से है उड़ना सीखा,
तितली से इठलाना।
भवरों की गुंजन से सीखा,
राग मधुरतम गाना।
तेज लिया सूरज से हमने,
चांद से शीतल छाया।
टिम-टिम करते तारों की,
हम समझ गए सब माया।
सागर ने सिखलाई हमको,
गहरी सोच की धारा।
गगनचुम्बी पर्वत से सीखा।
हो ऊंचा लक्ष्य हमारा।
समय की टिक टिक ने समझाया,
सदा ही चलते रहना।
मुश्किल कितनी आन पड़े,
पर कभी न धीरज खोन।
प्रकृति के कण-कण में है,
सुंदर संदेश समाया।
ईश्वर ने इसके द्वारा ज्यों,
अपना रूप दिखाया

चैत्रा
कक्षा 6

हट्टा कट्टा मोबाइल

ये मोबाइल...
यों ही हट्टा कट्टा नहीं हुवा है
इसने बहुत कुछ खाया - पिया है ।

मसलन ....
ये हाथ की घड़ियाँ खा गया
ये चिट्ठी पत्रियाँ खा गया
इसने रेडियो खा दिया
टेप रिकार्डर कैसेटें कैमरे चबा गया । ये टार्च लाइटें खा गया
ये मोबाइल किताबें खा गया ।
इसने सैकड़ों मील की दूरियाँ पी हैं।पड़ोस की दोस्ती
मेल मिलाप खा गया
समय नही लोगों के पास
ये लोगों का वक्त खा गया ।
ये पैसे खा रहा है
ये रिश्ते खा रहा है।
ये लोगों की तंदुरुस्ती खा रहा है
ये लोगों को रोगी
बना रहा है ।
ये मोबाइल फोन
यों ही हट्टा कट्टा नहीं हुवा है।
इसने बहुत कुछ खाया पिया है ॥

अनुष्का पात्रा
कक्षा 5

चिड़िया

गीत सुरीले गाती चिड़िया
जन-जन को बहलाती चिड़िया
सूरज की किरणों से पहले उठकर
हमको रोज उठाती चिड़िया ।
इधर उधर से ही अपना खाना खाती चिड़िया,
तिनका तिनका इकट्ठा कर
अपना घर बनाती चिड़िया।
मेहनत करके दाना
इकट्ठा करती चिड़िया
डालों पर बैठ
अपना गाना गाती चिड़िया ।
उम्मीद और हौंसले की पहचान है चिड़िया,
हमको पाठ मेहनत का सिखाती चिड़िया ।
जिनकी शोभा उनके पंख
वह कहलाती चिड़िया।



श्वेता पदमा साहू
कक्षा 5

हिन्दी

जन-जन की भाषा है हिन्दी,
भारत की आशा है हिन्दी,
जिसने पूरे देश को जोड़े रखा है,
वो मज़बूत धागा है हिन्दी।
हिंदुस्तान की गौरव गाथा है हिन्दी,
एकता की अनुपम परम्परा है हिन्दी,
जिसके बिना हिन्द थम जाय,
ऐसी जीवन रेखा है हिन्दी,
जिसने काल को जीत लिया है,
ऐसी कालजयी भाषा है हिन्दी,
सरल शब्दों में कहा जाय तो,
जीवन की परिभाषा है हिन्दी ।

मेरी पाठशाला

तारुन्या
कक्षा- 3

बहुत ही सुंदर, बड़ा ही निराला,
मेरा मन मंदिर, मेरी पाठशाला।
गर्व मेरा, दिखाता है जो ज्ञान का उजाला,
मेरे लिए सुनहरा तीरत, जो मुझे सँभाला।
मेरी गरिमा, मेरा भविष्य जो है सँवारा,
मेरी पाठशाला, मेरी आशियानों का सहारा।

संस्कृत विभाग

लेख	पृष्ठ संख्या
अभिव्यक्तिः - राजेश कुमार	21-22
छात्रजीवनम् - श्लोका	23
जननी-जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी - श्लोक	24
प्रदूषणम् - चेतन	25
यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः - अक्षरा	26
वर्षा ऋतुः - शिवमणि	27
वसुधैव कुटुम्बकम् - आशीष यादव	28
शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम् - देवी चतुर्या	29
सदाचारः - कार्तिक गौड़	30
समयस्य सदुपयोगः - वीणा	31
वसन्त-ऋतुः - सत्यजीत	32

राजेश कुमारः
प्र. स्ना. शिक्षकः, संस्कृतम्

अभिव्यक्तिः

अद्य संस्कृत शिक्षा क्षेत्रे 'अभिव्यक्तिः' इति एकः अंशः ऊनः दृश्यते। भाषायाः अभिव्यक्तिः द्विधा भवति । भाषणेन लेखनेन च । अतः भाषणं लेखनम् इति अभिव्यक्तिकौशले इति कथ्येते । क्रमिकः अभ्यासः, नियन्त्रितः अभ्यासः इत्यादिभिः कक्ष्यासु कार्यमाणैः अभ्यासैः भाषायाः चतुर्णाम् अपि कौशलानाम् अभ्यासाः कार्यन्ते इति वदन्ति। यदि तद् वास्तविकं तर्हि किमर्थं संस्कृतशिक्षकाः छात्राः च संस्कृतेन भाषणे लेखने च अक्षमाःघ् न केवलम् अक्षमाःण् अपि तु भाषणे लेखने च न प्रवर्तन्तेए न उत्सहन्ते च इति शिक्षाविदः अभिप्रयन्ति । अतः समस्यायाः मूलं पश्यामः चेत् संस्कृतशिक्षणे अभिव्यक्तेः अभ्यासस्य अपर्याप्तता अस्ति इति स्पष्टं भासते ।

पाठानां भागरूपेण छात्राः विविधानाम् अभ्यासानाम् अङ्गतया वाक्यानि वदेयुः लिखेयुः वा । परन्तु ते अभ्यासाः सीमिताः अल्पाः च । अभिव्यक्तिः नाम भाषायाः प्रयोगः । अर्थपूर्णप्रसङ्गेषु प्रयोगः । छात्रः स्वतन्त्रतया सहजतया च संस्कृतभाषायाः प्रयोगं कुर्यात् अर्थात् भाषणेन लेखनेन च स्वतन्त्रतया सहजतया च अभिव्यक्तिं कुर्यात् इति लक्ष्यसाधनाय अनुकूलं भाषाशिक्षणं चिन्तनीयम् ।

गतेषु द्विशते वर्षेषु संस्कृतशिक्षणस्य लक्ष्यं ब्रिटिशजनानां यत् लक्ष्यम् आसीत् तदेव आसीत् संस्कृतवाङ्मयस्य अवगमनम् अन्यभाषाभिः अनुवादः इति । व्यावहारिकरूपेण इदानीम् अपि तदेव अस्ति । न किमपि परिवर्तनं जातम् । अन्यभाषाभिः अनुवादाय अभिव्यक्तेः अभ्यासस्य आवश्यकता एव न भवति । अवगमनकौशलम् अनुवादकौशलं च पर्याप्तम् । अतः एव विद्यालयेषु महाविद्यालयेषु विश्वविद्यालयेषु च अभिव्यक्तेः अभ्यासं न कारयन्ति एव । सर्वे पाठाः परीक्षाः च अवगमनकौशलकेन्द्रिताः । शिक्षकप्राध्यापकादिपदेभ्यः क्रियमाणासु विज्ञापनासु साक्षात्कारेषु च अभ्यर्थिनः संस्कृतेन अभिव्यक्तेः सामर्थ्यस्य अनिवार्यता एव नास्ति । तेन एव संस्कृतस्य अवनतिः जाता । संस्कृतशिक्षायाः अभिवृद्धिः अपेक्षिता चेत् अभिव्यक्तिकौशलकेन्द्रिताः पाठाः चिन्तनीयाः ।

अभिव्यक्तिः इत्येषा तदा एव संस्कृतशिक्षणे व्यवहारे आगच्छेत् यदा छात्राणां शिक्षकाणां च मूल्याङ्कनम् अभिव्यक्तिसामर्थ्यकेन्द्रितं भवेत् । एतदर्थमेव बहुविधानां सामग्रीणां निर्माणं शिक्षकाणां प्रशिक्षणं छात्राणां निरन्तरं तदेककेन्द्रितः च अभ्यासः इति एतानि त्रीणि कार्याणि साधनीयानि। द्विशतस्य वर्षाणां दुर्नीतेः दुष्परिणामस्य निवारणाय न्यूनातिन्यूनं दशवर्षाणि आदेशम् आप्राथमिकविद्यालयविश्वविद्यालयम् आबालपण्डितम् आछात्रप्राध्यापकम् आशिक्षककुलपतिं सर्वे मिलित्वा संस्कृतच्छात्राणां शिक्षकाणां च अभिव्यक्तिसामर्थ्यवर्धनविषये एव चिन्तनं कुर्युःए कार्यक्रमान् कुर्युःए प्रशिक्षणं कुर्युः च । एतादृशं किञ्चन अभियानं यदि न क्रियेत तर्हि संस्कृतशिक्षाक्षेत्रे परिवर्तनस्य संभावना नास्ति ।

समस्यायाः मूलम् अन्यत् अपि किञ्चन अस्ति । छात्राणां शिक्षकाणां च अभिव्यक्तिसामर्थ्यं भवेत् इति सर्वे अङ्गीकुर्वन्ति । परन्तु तद् कथं साधनीयम् इति विषये प्राध्यापकाणां संस्कृतक्षेत्रस्य प्रमुखाणां च बहूनां कल्पना नास्ति वा इति भाति इति तेषां विषये अत्यन्तम् आदरपूर्वकम् एव अत्र वैचारिकीं चर्चां केवलं करोमि । कल्पना एतदर्थं नास्ति यतः काव्यशास्त्रादीनाम् आधारं विना ग्रन्थपङ्क्तिपाठनं विना शिक्षाशास्त्रसिद्धान्तपाठनं विना व्याकरणशास्त्रीयप्रक्रियापाठनं विना च केवलं मौखिकैः अभ्यासैः लेखनाभ्यासैः स्वनिर्मितैः विविधैः नूतनैः अभ्यासैः च छात्राणाम् स्वतन्त्रतया सहजतया सरलतया शुद्धतया सुन्दरतया च भाषाप्रयोगस्य सामर्थ्यम् इति तादृशम् अभिव्यक्तिकौशलं छात्राणां यथा भवेत् तथा तावद्दूरम् अभ्यासं कारयित्वा उपत्रिंशानां छात्राणां गणं निर्माय भाषाभ्यासकारणस्य स्वयम् अनुभवं सम्पादितवन्तः संस्कृतशिक्षाविदः कति सन्ति। विद्यालयीयशिक्षायां (द्वादशकक्ष्यां यावत् प्राक्शास्त्रिपर्यन्तं च) स्नातककक्ष्याणाम् आरम्भे, शिक्षकाणां प्रशिक्षणे च भाषाभ्यासकारणाय एतादृशः विशिष्टः विनूतनः अभिव्यक्तिकेन्द्रितः मार्गः अनुसर्तव्यः भवति खलु । तत् विद्यालयशिक्षकैः चिन्तनीयम्, अहं तु शास्त्रशिक्षणाय नियुक्तः, शिक्षाशास्त्रशिक्षणाय नियुक्तः, तत् मम कार्यं नैव इति केनापि न चिन्तनीयम् । इदानीं संस्कृतस्य अस्तित्वस्य प्रश्नः अस्माकं पुरतः अस्ति । अतः अस्माभिः सर्वैः अपि अभिव्यक्तेः अभ्यासकारणविषये चिन्तनीयम् ।

महाविद्यालयीयाः विश्वविद्यालयीयाः च प्राध्यापकाः एतस्मिन् विषये न प्रवृत्ताः इति कारणेन एव अद्यावधि संस्कृतशिक्षणे परिवर्तनं न जातम् । तेन एव कारणेन संस्कृतं दिने दिने ह्रीयमाणम् अस्ति । अतः संस्कृतोन्नयने प्राध्यापकानां शास्त्रविदां च पात्रम् अत्यन्तं महत्त्वपूर्णम् अस्ति ।

देशे विद्यमानानां सर्वेषां संस्कृताध्यापकानां संस्कृतच्छात्राणां च संस्कृतेन अभिव्यक्तेः अभ्यासः कथं कारणीयः इत्येव समस्यायाः मूलम् अस्ति।

संभाषणम् अभिव्यक्तिः इति द्वयोः पदयोः मध्ये मया कश्चन भेदः कल्प्यते । अद्य ते द्वे पदे संस्कृतशिक्षणे साङ्केतिके पारिभाषिके पदे इति उपस्थापयामि । संभाषणम् इति पदं भाषाभ्यासमार्गे प्रारम्भिकसोपानं प्रकाशयति । अभिव्यक्तिः इति पदं स्वतन्त्रतया सहजतया सरलतया शुद्धतया सुन्दरतया च भाषणेन लेखनेन च भाषाप्रयोगस्य सामर्थ्यस्य सम्पादनं यावत् मार्गं प्रकाशयति ।

संस्कृतेन अभिव्यक्तिः इति एषः विषयः अस्माकं सर्वेषां चर्चाविषयः भवेत्, कार्यविषयः भवेत्, आद्यताविषयः भवेत् च । शास्त्रशिक्षणेन सह, काव्यशिक्षणेन सह, सिद्धान्तशिक्षणेन सह च अभिव्यक्तिशिक्षणाय अपि अस्माभिः सर्वैः कश्चन समयः कल्पनीयः एव । एतत् कार्यम् एतदर्थमेव विद्यमानानां केषाञ्चित् कार्यम् इति स्थितिः न भवेत् ।

विद्यालयशिक्षकैः तु विशेषतया एतद्विषये चिन्तनीयम् । छात्रैः तु स्वस्य भविष्यतः उज्ज्वलतायै एतद्विषये चिन्तनीयमेव, नान्या गतिः ।

यदा 1948 तमे वर्षे इस्रायिलदेशः यदा स्वतन्त्रः जातः तदा विश्वस्य सर्वेभ्यः देशेभ्यः येहूदीयाः मातृभूमौ वासाय इस्रायिलम् आगताः । तदा ते सर्वे हिब्रूभाषां न जानन्ति स्म । पूर्वतनदेशभाषां जानन्ति स्म । अतः तेषां लक्षशः जनानां हिब्रूशिक्षणस्य अभियानं प्राचलत् । तदा तदानीन्तनः इस्रायिलस्य प्रधानमन्त्री अपि हिब्रूपाठनाय प्रतिदिनं घण्टां यावत् समयं दत्तवान् इति वदन्ति । अर्थात् सः हिब्रूपाठनकार्याय तावत् महत्त्वं दत्तवान् । तद्वत् संस्कृतक्षेत्रस्य प्रधानमन्त्रितुल्याः प्राध्यापकाः अपि अभिव्यक्तिप्रशिक्षणाय समयं दद्युः, विविधान् नवप्रयोगान् कुर्युः, तेन च संस्कृतशिक्षणक्षेत्रे वेगेन प्रचलतः ह्रासस्य गतिरोधं कुर्युः इति मम निवेदनम् ।

आरभ्यताम् अभिव्यक्तेः अभ्यासाय आभारतम् अभिनवम् अभियानम् !

छात्रजीवनम्

कु. श्लोका
कक्षा नवमी

छात्रकालः मनुष्यजीवनस्य सुवर्णमयः कालः । अस्माकं पुरातनग्रन्थेषु अस्य ईदृशं महत्त्वं यत् अनेन मनुष्यस्य द्वितीयं जन्म मन्यते, स च द्विजः उच्यते । वस्तुतः छात्रजीवनं मनुष्यस्य द्वितीयं जन्म एव विद्यते । यदा मनुष्यः जायते, तदा सः पशुतुल्यः एव भवति, केवलं खादितुं पातुं स्वपितुं च जानाति । परन्तु छात्रजीवने एव सः ज्ञानं लभते, परेषां दुःखम् अवबोद्धुं, धर्मस्य तत्त्वं ज्ञातुं, परमशक्तिविषये अनुभवितुं, महापुरुषाणां विचारान् पठितुं, सम्यग् आचरितुं च अवसरं लभते । प्राचीनकाले छात्रजीवनं ब्रह्मचर्यम् उच्यते स्म । ब्रह्मचारी तपोमयं जीवनं कठोर व्रतं च आचर्य सरलभावेन केवलं ज्ञानोपार्जने संलग्नोऽभवत् । अनेन तपसा ज्ञानेन च भाविजीवने सः कष्टानि सोढुं समर्थोऽभवत् ज्ञानस्य, विद्यायाः तपसः, दानादिधर्मस्य च विशिष्टं महत्त्वमस्ति मनुष्यजीवने, अन्यथा मनुष्यः पशुतुल्यो भवति । उक्तं हि–
येषां न विद्या न तपो न दानं ज्ञानं न शीलं न गुणो न धर्मः । ते मृत्युलोके भुवि भारभूता मनुष्यरूपेण मृगाश्चरन्ति ।

अतएव छात्रैः अस्य सुवर्णावसरस्य सदुपयोगः कर्तव्यो न च नाशयितव्यः कालः । यद्यस्मिन् काले छात्राः संयमेन, तपसा, परिश्रमेण नियमपूर्वक कार्यं कुर्वन्ति, सत्यमाचरन्ति, गुरूणामादरं कुर्वन्ति, आलस्यं च त्यजन्ति तदा सकले जीवने ते कदापि विफला न भविष्यन्ति। नायं कालः सुखमुपभोक्तुम् । केवलं सुखमिच्छता परिश्रमेण विना विद्या न लभ्यते सर्वविधो विकासश्च न भवति । अत एवोच्यते-

सुखार्थी वा त्यजेद्विद्यां विद्यार्थी वा त्यजेत् सुखम् ।
सुखार्थिनः कुतो विद्या विद्यार्थिनः कुतो सुखम् ॥

भाविजीवने सुखार्थमेव छात्रजीवने परिश्रमः क्रियते । छात्रैः नियमितं भोजनं भक्षणीयम्, नियतं च व्यायामेन शरीर पोषणीयम्, आलस्यं त्यक्त्वाऽध्ययनं कर्तव्यम् । तेन शोभनविचारमयानि पुस्तकानि पठितव्यानि, शोभनविचारमयानि नाटकानि चित्राणि च द्रष्टव्यानि, शोभनविचारमयानि गीतानि श्रोतव्यानि गातव्यानि च । अनेन चित्तशुद्धिर्भवति चित्तं च कार्यात् न विचलति ।

सत्य से धर्म और धर्म से सत्य भिन्न नहीं । इसलिये सत्य को प्राप्त करने के लिये सत्य से पृथक् नहीं होना चाहिये। किन्तु उसे पूर्ण रीति से प्राप्त कर लेना चाहिये ॥इसलिये उपनिषद् ने इस मन्त्र में चेतावनी दी है कि ऐसी महत्त्वपूर्ण वस्तु अर्थात् सत्य आवरण रहित ही रहनी चाहिये और इसलिये मनुष्य का कर्त्तव्य है कि उस पर सुवर्णमय पात्रों अर्थात् प्रलोभनों का आवरण न पड़ने दें । तभी वह अपने कर्त्तव्यों के पालन करने और उद्देश्य को प्राप्त कर लेने में सफल हो सकता है । कर्त्तव्य विधान के बाद उसकी पूर्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई है । इस मन्त्र के सत्य पर बल देने महत्व को देखते हुए केन्द्रिय विद्यालय संगठन द्वारा इस मन्त्र के एक अंश "तत् त्वं पूषन् अपावृणु" को अपने ध्येयवाक्य या आदर्शवाक्य के रूप में स्वीकृत किया गया है।

जननी-जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी

मातृभूमिं अयोध्यामभिलक्ष्य प्रभुरामचन्द्रः स्वर्णमयीं लंकामपि निराकरोति, लक्ष्मणं कथयति च हे लक्ष्मण! मह्यं स्वर्णमयी लंङ्का अपि न रोचते। जननी जन्मभिश्च स्वर्गादपि गरीयसी। जननी पुत्रं जनयति, महता कष्टेन तस्य पालन करोति, तं साक्षरं करोति, सुसंस्कारान् ददाति च। जन्मभूमिरपि जनान् धारयति, शस्यादिभिः पालयति, पोषयति च। मातुः समीपे बालः स्वर्गादपि अधिकं सुखम् अनुभवति, अतः माता स्वर्गादपि श्रेष्ठा अस्ति। जन्मभूमिः अस्माकं मातृभूमिरस्ति। बालकं प्रति मातुः स्वाभाविकं, निरपेक्षं च प्रेम भवति, न तादृशं क्वापि दृश्यते। सा सदैव बालकस्य कल्याणं, सुखं च चिन्तयति। पुत्रस्य, पुत्र्याः वा जननीं प्रति प्रेम नैसर्गिकम् अस्ति। मातुः ऋणभारावतारणं कदापि न शक्यम्। अतः उपनिषत्सु कथितम् 'मातृदेवो भव'। जन्मभूमिरपि अस्मान् रक्षति। सा अस्माकं पालनं अन्नेन, जलेन, फलादिभिश्च करोति। अस्यां पृथिव्याम् एव वयं गृहाणि निर्माय सुखेनैव वसामः। अतः जन्मभूमिः मातुरपि अधिकम् उपकरोति। माता तु कानिचित् वर्षाणि एव बालक पालयति परन्तु मातृभूमिः आजीवनम् अस्माकं रक्षणं करोति। अतः सा स्वर्गादपि गरीयसी, नास्त्यत्र कोऽपि विसंवादः।

भारतभूमिः अस्माकं मातृभूमिः। अस्याः रक्षणे वयम् अहर्निशं प्रयतामहे। इयम् अस्माभिः पूजनीया खलु। विदेशान् गताः जनाः अपि स्वमातृभूमिं भारतभूमिं न विस्मरन्ति। मातृभूमेः हेतोः कृतानां बलिदानानां कथाः वयं सदैव स्मरामः। वयमपि मातृभूमेः उन्नत्यर्थं तत्पराः भवेम। तर्हि वयं तस्याः ऋणात् मुक्ताः भवितुं शक्नुमः।

चेतन
कक्षा नवमी

प्रदूषणम्

विश्वस्य एका भयावहा समस्या अस्ति 'प्रदूषणम्'। प्रदूषणनिवारणाय वृक्षारोपणम् अत्यावश्यकम् अस्ति। वृक्षाः स्वयं कुसुम-पत्र-फलानां भारं वहन्ति तथा सर्वं अन्येभ्यः गच्छन्ति। स्वयम् आतपे तिष्ठन्ति, अन्यस्य छायां कुर्वन्ति। वृक्षाणां मूलं, वल्कलं, पत्रं, पुष्पं, फलं सर्वमेव परेभ्यः अस्ति।

एतादृशाः परोपकारिणः वृक्षाः जनेभ्यः किमपि न वाञ्छन्ति। किन्तु आधुनिके युगे जनाः स्वार्थिनः अभवत्। स्वसुखाय, गृहनिर्माणाय ते वृक्षान् छिन्दन्ति। ते किं न जानन्ति यत् वृक्षाः सृष्टेः आधाराः सन्ति। वृक्षाभावे सृष्टिः असंभवा खलु।

वृक्षाः जनानां शरीरस्वास्थ्याय अपि सन्ति। ते 'कार्बन डायऑक्साइड' वायुं गृहणन्ति, ऑक्सीजनवायुं च विसृजन्ति। नूनम् एषां जीवनं समस्तप्राणिभ्यः उपयोगिनम् अस्ति। येभ्यः अर्थिनः कदापि निराशां न यान्ति। एवं परोपकारिणां वृक्षाणां छेदनं कदापि न कर्तव्यम्। अस्माकं संस्कृत्यां वृक्षभेदनं पापं मन्यते।

अतः प्रत्येक-नागरिकस्य एतत् कर्त्तव्यं यत् तेन वृक्षारोपणम् अवश्यं कर्तव्यम्। अधुना विद्यालयेषु अपि वृक्षारोपणं क्रियते। शासनः अपि अस्यां दिशायां प्रयासं करोति । यदि वृक्षारोपणस्य कार्यं निरन्तरं भवेत्। तर्हि प्रदूषण-समस्यायाः समाधानं भवेत्।

कु. अक्षरा
दशमी कक्षा

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः

संसाररथस्य द्वे चक्रे स्तः। नरः च नारी च। उभयोः अपि समानं महत्त्वम्। नारीं विना नरः संसाररथं चालयितुं न समर्थः। नरं विना नारी अपूर्णा तथा नारीं विना नरोऽपि अपूर्णः।

प्राचीनकाले स्त्रीणां महत्त्वम् अधिकम् आसीत्। वैदिककाले तासां स्थानं गौरवपूर्णम् आसीत्। नारी 'देवी' रूपेण सर्वैः मानिता। न केवलं प्राचीनकाले, आधुनिकाले अपि नारीणां सम्मानं सर्वेषां कर्त्तव्यम्। यस्मिन् देशे नारीणां सम्मानं भवति, सः देशः उन्नतिं गच्छति। यत्र तासाम् आदरः क्रियते तत्र सुखं शान्तिः च भवति। अतः उक्तम्-

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः॥

परिवारे गृहिण्याः स्थानं सर्वोच्चम् अस्ति। सा एव परिवारस्य सर्वेषां सदस्यानां चिन्तां करोति। सा अर्थ-अर्जनमपि करोति, गृहकार्यम् अपि करोति। नारी पत्नीरूपेण,मातारूपेण, भगिनीरूपेण सर्वेषां कर्तव्यानां पालनं करोति। यस्मिन् गृहे नारी न भवति, तद्गृहं गृहं न भासते। नारी एव स्वकष्टान् विस्मृत्य सर्वेषां सुखाय अहर्निशं प्रयतते। नारी त्यागस्य मूर्तिः अस्ति।

यथा नारी स्वपरिवारस्य हितं वाञ्छति तथा समाजस्य अपि विकासं कल्याणम् इच्छति। अधुना सा बहुविधेषु क्षेत्रेषु अग्रेसरा अस्ति। सामाजिककार्येषु तस्याः अधिकारः सर्वैः स्वीकृतः। देशस्य, समाजस्य उन्नत्यै स्त्रीसम्मानम् अपेक्षणीयम्। सर्वैः नारीणाम् आदरः करणीयः। अस्माकं देशे तु नारीणां स्वरूप मातृपदेन गौरवान्वितम्। नारी एव समर्थपुरुषस्य जननी अस्ति। आधुनिके काले 'न स्त्री स्वातंत्र्यम् अर्हति' एतादृशं वाक्यं न उचितम्। अपि तु आधुनीकि नारी विचार-स्वातंत्र्यं भाषणस्वातन्त्र्यम् अपि अर्हति। नारीं विना अयं समाजःअपूर्णः अस्ति, अत एव नारी सम्मानः आवश्यकः।

वर्षा ऋतुः

